कावड़ियों की टोली | By Sapna Sufi

लगे बम बम के जयकारे
बोल शंकर महाराज की.....जय

लगे बम बम के जयकारे
चले सब भक्त तेरे प्यारे
हरिद्वार से ले गंगा जल चले हैं हमजोली
चली कांवड़ियों की टोली
नाचे कांवड़ियों की टोली

भोला बम बम बम भोला बम बम बम
भोला बम बम बम भोला बम बम बम

भोलेनाथ के प्यार में देखो चले कावंड़िये सारे
काँधे पर है गंगा जल और बम बम के जयकारे
हुए सब मस्त मलंगा हो नाचे पीकर भंगा
हरिद्वार से ले गंगा जल चले हैं हमजोली
चली कांवड़ियों की टोली
नाचे कांवड़ियों की टोली

भोला बम बम बम भोला बम बम बम
भोला बम बम बम भोला बम बम बम

भोलेनाथ के प्यार का जादू सर पर चढ़ के बोले
जो भी है दीवाना शिव का बम बम बम बम बोले
छोड़ कर दुनिया झूठी पिए शिव नाथ की बूटी
हरिद्वार से ले गंगा जल चले हैं हमजोली
चली कांवड़ियों की टोली
नाचे कांवड़ियों की टोली

भोला बम बम बम भोला बम बम बम
भोला बम बम बम भोला बम बम बम

मस्त मलंग होकर सब नाचे भोले के दीवाने
नंगे पाँव चलते जाएँ भोले के मस्ताने
हो डमरू डम डम बाजे, कांवड़िया छम छम नाचे
हरिद्वार से ले गंगा जल चले हैं हमजोली
चली कांवड़ियों की टोली
नाचे कांवड़ियों की टोली

भोला बम बम बम भोला बम बम बम
भोला बम बम बम भोला बम बम बम

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9a%e0%a4%b2%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%b5%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a5%8b%e0%a4%82-%e0%a4%95%e0%a5%80-%e0%a4%9f%e0%a5%8b%e0%a4%b2%e0%a5%80-by-sapna-sufi/